*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## डॉ. उमेश कुमार सिंह को दी विदाई
## केंद्रीय विश्वविद्यालय केरल में बने एसोसिएट प्रोफेसर




वर्धा दि. 20 नवंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के साहित्य विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह को विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ की ओर से विदाई दी गयी। विदित हो कि डॉ. सिंह की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय, कासारगोड़, केरल के हिंदी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर हुई है। प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. धरवेश कठेरिया, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ. उमेश कुमार सिंह मंचासीन थे। इस अवसर पर डॉ. सिंह का प्रतिकुलपति प्रो. मिश्र द्वारा शॉल और नारियल प्रदान कर सम्मान किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. धरवेश कठेरिया द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. सिंह का सम्मान किया गया। शिक्षक संघ के शैलेश मरजी कदम, डॉ. सुरजीत कुमार सिंह, तथा डॉ. धनजी प्रसाद आदि ने डॉ. सिंह का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

डॉ.सिंह ने अपने वक्तव्य में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र और अन्य अधिकारी, शिक्षकों तथा कर्मियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की यादें हमेशा मन में बसी रहेंगी। यहां का शैक्षणिक वातावरण, अध्ययन-अध्यापन के प्रति लगाव आदि बातें दिल में संजोए हुए

है। प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने डॉ. सिंह के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. सिंह अनवरत अध्यवसाय करने वाले सक्रिय शिक्षक हैं। उनके व्यक्तित्व में सहजता का भाव है। उन्होंने डॉ. सिंह को प्रगति और प्रशस्तिपथ पर अग्रसर होने की कामना की। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. धरवेश कठेरिया ने उनके साथ बिताएँ हुए अविस्मरणीय पलों का जिक्र करते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनायें दी। कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र एवं साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना ने भी डॉ. सिंह को उनकी नई नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर राकेश मिश्र ने किया तथा आभार डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने व्यक्त किया। हबीब तनवीर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक संघ के सदस्य एवं पदाधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे।